# University in News on 22 October 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि : सिर्फ नेट जेआरएफ को दाखिले में मिलेगा महत्व

### यूजीसी नेट में पीएचडी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नहीं मिलेगा अलग से लाभ

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विवि में पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। यहां नेट और जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फेलोशिप) पास अभ्यर्थियों को ही प्रवेश परीक्षा में महत्व दिया जाएगा। यूजीसी नेट में पीएचडी के लिए क्वालीफाई हो चुके अभ्यर्थियों को अलग से कोई महत्व नहीं मिलेगा। वह सामान्य विद्यार्थियों की तरह ही प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होंगे।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पहली बार नेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) का परिणाम तीन श्रेणियों में जारी किया है। परीक्षा परिणाम में जो नई श्रेणी शामिल की गई है, वह क्वालीफाई फॉर पीएचडी है। ऐसे में इस श्रेणी में परिणाम हासिल करने वाले छात्रों को भी कुछ उम्मीद थी लेकिन लविवि के प्रवेश विभाग ने इस संबंध में स्थिति साफ कर दी है। आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा देनी होगी।

हालांकि यूजीसी की ओर से पीएचडी में दाखिले के लिए अर्हता नेट तय की गई है। कई विवि ने इसे स्वीकार भी कर लिया है। बीएचयू ने इसके लिए नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। यहां जून 2024 में नेट की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी ही पीएचडी में प्रवेश पाएंगे। अभ्यर्थियों के नेट के 70 अंक जोड़े जाएंगे, जबकि 30 अंकों का इंटरव्यू होगा। विवि अलग से कोई प्रवेश परीक्षा नहीं कराएगा।

#### यहां प्रवेश परीक्षा से छूट

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि और डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में जेआरएफ अभ्यर्थियों को पीएचडी प्रवेश परीक्षा में शामिल होने से छूट मिलती है। इन्हें सीधे इंटरव्यू में शामिल होने का मौका मिलता है। जबकि नेट पास अभ्यर्थियों को अंकों का वेटेज दिया जाता है।

#### "लविवि कराता है अपनी अलग प्रवेश परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय पीएचडी में प्रवेश के लिए अपनी प्रवेश परीक्षा करवाता है। हम इसी व्यवस्था से प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेंगे। नेट और जेआरएफ को पूर्व की तरह परीक्षा में वेटेज दिया जाएगा।

प्रो. पंकज माथुर, डीन एकेडमिक्स लविवि

## i-NEXT PAGE 4

#### एलयूआरएन में रजिस्ट्रेशन का मौका आज

लखनऊ विश्वविद्यालय ने कालेजों में दाखिले के लिए मंगलवार तक लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन पोर्टल (एलयूआरएन) में रजिस्ट्रेशन का मौका दिया है. इसके बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा. लखनऊ यूनिवर्सिटी ने कालेजों में प्रवेश के लिए एलयूआरएन में रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 सितंबर निर्धारित की थी. पोर्टल बंद होने की वजह से केकेवी, खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कालेज सहित अन्य संस्थानों में अभ्यर्थी एडमिशन नही ले पा रहे थे. लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने भी एलयूआरएन पोर्टल खोलने का अनुरोध किया था, जिसके बाद छात्रहित को ध्यान में रखते हुए कालेजों के विद्यार्थियों के लिए पोर्टल खोल दिया गया है.



#### एमबीए की मिड सेमेस्टर परीक्षाएं कल से

लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में संचालित एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग की मिड सेमेस्टर परीक्षाएं 23 अक्टूबर से शुरू होंगी. कोर्स के निदेशक प्रोफेसर अवधेश कुमार ने सोमवार को इसकी समय सारिणी जारी की. इस कोर्स के पहले और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23, 24 व 25 अक्टूबर को होंगी.

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# लविवि में एमबीए प्रथम और तृतीय सेमेस्टर परीक्षा का कार्यक्रम घोषित

### फाइनेंस और अकाउंटिंग की 23 से 25 तक दो पालियों में होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अंतर्गत संचालित एमबीए के फाइनेंस और अकाउंटिंग के पहले व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। सत्र 2024-25 के छात्रों के पहले व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 23, 24 और 25 अक्टूबर को सम्पन्न होगी। पहले सेमेस्टर में 23 अक्टूबर को फंडामेंटल अकाउंटिंग, आईटी अप्लीकेशन की परीक्षा होगी।

24 को फारेन लंग्वेज, मार्केटिंग मैनेजमेंट की परीक्षा होगी। सभी परीक्षाओं की समय सारणी यही रहेगी। 25 को होने वाली परीक्षा में प्रिंसिपल और प्रैक्टिस मैनेजमेंट, फाइनेंसियल इंस्टीट्यूशन का पेपर होगा। तीसरे सेमेस्टर में 23 को अकाउंटिंग और बिजनेश डिसीजन, माइक्रो फाइनेंस और 24 को सिक्योरिटी एनालिसिस, कारपोरेट अकाउंटिंग के पेपर होंगे। 25 को इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट का प्रश्न पत्र होगा। परीक्षाओं की समय सारिणी 11 बजे से 12 बजे तक, फिर 12 से 1:30 बजे तक होगी।



लविवि में आयोजित कार्यशाला में मौजूद शिक्षक।

#### साइबर हमलों से बचने के लिए लविवि में हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ: लविवि के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से साइबर हमलों और इससे संबंधित बातों पर कार्यशाला का आयोजन किया। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज की प्रोफेसर विनीता काचर ने मार्गदर्शन किया। जानकार डॉ. विजय कुमार ने बताया कि क्रिटिकल नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर की साइबर सुरक्षा, फ़ायरवॉल सुरक्षा, सेवाओं से इनकार, यूएसबी के माध्यम से फैलने वाली भेद्यता, हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर का एकीकरण, आईटी वातावरण और आईटी, ओटी कमज़ोरियों और साइबर हमलों रोकने के उपाए बताए। इंजीनियरिंग संकाय के डीन डॉ. एके सिंह और ब्रिटिश काउंसिल की हिमानी तनेजा और आईएमएस के संकाय सदस्यों ने भाग लिया। विभिन्न अध्ययनों के प्रबंधन, इंजीनियरिंग, कानून के छात्र, शोधकर्ता, शिक्षाविद् ने भाग लिया। डॉ. अमिताभ रॉय ने विश्वकर्मा धन्यवाद दिया।

# पहले प्रश्न समझें फिर लिखें उत्तर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ कार्यशाला में प्रो. अरविन्द ने सिविल सेवा परीक्षा के तैयारियों को लेकर दी जानकारी**

**अमृत विचार:** लविवि के भूगोल विभाग में सिविल सेवा की तैयारी को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। अधिष्ठता कला संकाय प्रो. अरविन्द मोहन ने प्रारम्भिक व मुख्य परीक्षा के लिए कई बिन्दुओं पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रारम्भिक परीक्षा में सफल होने के लिए अधिकतम सूचनाओं की जानकारी रखनी होगी। प्रारंभिक परीक्षा आपके ज्ञान कौशल की परीक्षा होती है। मुख्य परीक्षा में उत्तर लेखन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है।

उत्तर लिखते समय परीक्षार्थियों पहले प्रश्न के स्वरूप को समझें और उसी अनुरूप उत्तर लिखें, तभी अच्छे अंक प्राप्त कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि असफल होने पर निराश नहीं होना चाहिए, इसके बाद भी अनेक सम्भावनाएं हैं। अपनी ऊर्जा का उपयोग दूसरे क्षेत्र में प्रयोग करके जीवन सफल बना सकते हैं। विश्वविद्यालय के प्रो. मैत्रेयी प्रियदर्शनी ने छात्रों से कहा कि उन्हें समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। डॉ. वैशाली सक्सेना ने छात्रों से कहा कि लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करते हुए समय आधारित अध्ययन पर विशेष जोर दें।

अंत में भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने पहले यह तय करिए और उसी के अनुरूप कार्य कीजिए। जीवन में हमेशा वैसा नहीं होता है जैसा हम अपेक्षा करते हैं। यदि सब कुछ हमारे अनुरूप नहीं हो रहा है तो इससे हमें निराश नहीं होना चाहिए। भूगोल विभाग के शिक्षक डॉ. अरुण कुमार द्विवेदी, डॉ. लाल कृष्ण मिश्रा, डॉ. अनूप कुमार सिंह, डॉ. मयंक भारद्वाज, डॉ. गरिमा राजे सहित छात्र उपस्थित रहे।

## JAGRAN CITY PAGE III

# डा. मानिनी श्रीवास्तव बनीं नोडल अधिकारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ वूमेन स्टडीज की कोआर्डिनेटर डा. मानिनी श्रीवास्तव को विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति-पेज पांच प्रोग्राम का नोडल अधिकारी नामित किया गया है। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने इसका आदेश जारी किया है। (जासं)



# एमबीए की मिड सेमेस्टर परीक्षाएं कल से

लखनऊ : लवि के वाणिज्य विभाग में संचालित एम .बी .ए फाइनेंस एंड एकाउंटिंग की मिड सेमेस्टर परीक्षाएं 23 अक्टूबर से शुरू होंगी। कोर्स के निदेशक प्रोफेसर अवधेश कुमार ने सोमवार को इसकी समय सारिणी जारी की। इस कोर्स के पहले और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 23, 24 व 25 अक्टूबर को होंगी। (जासं)

## LOKSATYA PAGE 2

# प्रतिस्पर्धात्मक क्षमताओं का निर्माण विषय पर हुई कार्यशाला

लोकसत्य, लखनऊ। भूगोल विभाग में काउन्सिलिंग एण्ड गाइडेंस सेल एवं हैप्पी थिंकिग लैबोरेटरी के संयुक्त तत्वाधान में एम0 ए0 प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के साथ 'प्रतिस्पर्धात्मक क्षमताओं का निर्माण' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो0 अरविन्द मोहन, अधिष्ठता कला संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने सिविल सर्विसेज प्रारम्भिक एवं मुख्य परीक्षा की तैयारी के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि- सिविल सर्विसेज परीक्षा में परीक्षार्थियों को प्रारम्भिक परीक्षा में सफल होने के लिए अधिकतम सूचनाओं की जानकारी रखनी होगी क्योंकि प्रारम्भिक परीक्षा आपके ज्ञान कौशल की परीक्षा होती है तथा मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों को



उत्तर लेखन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उत्तर लिखते समय परीक्षार्थियों को चाहिए कि पहले वह प्रश्न के स्वरूप को समझें और उसी अनुरूप उत्तर लिखें तभी वे अच्छे अंक प्राप्त कर पायेंगे। उन्होंने छात्रों को यह भी बताया कि छात्र यदि किसी परीक्षा में असफल होते हैं, तो इससे उन्हें निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि वर्तमान समाज में आपके लिए अनेक सम्भावनाएं है आप अपनी ऊर्जा का उपयोग दूसरे क्षेत्र में भी प्रयोग करके अपना जीवन सफल बना सकते हैं।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

# एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग के मिड टर्म 23 से

लखनऊ। लविवि में वाणिज्य विभाग में संचालित एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग पाठ्यक्रम की मिड टर्म परीक्षा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शैक्षिक सत्र 2024-25 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत आयोजित होने वाली मिड टर्म परीक्षाओं की शुरूआत 23 अक्तूबर से होगी। इस संबंध में प्रोग्राम डायरेक्टर प्रो. अवधेश कुमार ने निर्देश जारी कर दिया है। उनका कहना है कि प्रथम और तीसरे सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मिड टर्म परीक्षाएं 23 से 25 अक्तूबर तक होंगी।